Dainik Jagran ( Jagran City ) Edition Delhi
1.11.2016 Page 4
Height 12.40cm Width 8.64 cm

# बैंक खातों में पहुंचने लगी पेंशन राशि : शैलेन्द्र सिंह



**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि महीनों से पेंशन की बाट जोह रहे बुजुर्ग, विधवा, विकलांग एवं अन्य जरूरतमंदों का इंतजार अब खत्म हो गया है। दक्षिणी निगम ने अपने सभी 104 वार्डों में रहने वाले पेंशनभोगियों के बैंक खातों में तीन महीने की पेंशन राशि भेजनी शुरू कर दी है।

शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले दिनों जरूरतमंद लोगों को तीन महीने की पेंशन जारी करने की घोषणा की थी, जो पूरी हो गई है। इसके लिए 21.80 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। बाकी बकाया राशि भी जल्द दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के बैंक में खाते नहीं खुले हैं, उनके खाते खुलवाने में निगम मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि पेंशनरों को करीब डेढ़ साल से पेंशन नहीं दी जा रही थी, लेकिन अब त्योहार के अवसर पर पेंशन जारी कर दी गई है।

सिंह ने कहा कि जिन बुजुर्गों का आधार कार्ड नहीं बन सका है, उन लोगों के लिए विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। पार्षदों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों को पेंशन के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं है। जिन लोगों को परेशानी आ रही है, उनकी समस्याओं का समाधान पार्षद करवाएंगे। उन्होंने बताया कि दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में करीब 80 हजार बुजुर्ग पेंशनर हैं।